Reg.: JHBIL/25/A0691

College Era

Vol. 03 • August 2025

Back to the books again



A book is a dream you hold in your hand

CAMBRIDGE INSTITUTE OF TEACHERS EDUCATION

Angara, Ranchi – 835103, Jharkhand (Run & Managed by Kamla Nehru Vidya Mandir)

Recognised by: ERC-NCTE and Affiliated to Ranchi University Ranchi & JAC

Courses - B.Ed. (2 Years)/ D.El.Ed. (2 Years)

FACILITIES

- Science Lab 1 & 2
- Psychology Lab
- Art & Craft Room
- ICT Lab
- Staff Room
- Administrative Office
- Curriculum Lab
- Music Room
- Health & Physical Education
- Sports Room
- Boys Common Room
- Girls Common Room
- Multipurpose Hall
- Multipurpose Room
- Seminar Room
- Smart Class Rooms
- Parking
- Garden
- Reception
- Playground
- Library & Reading Room

Vill - Baheya, PO- Angara, Distt.- Ranchi, Pin- 835103 (Jharkhand)

Contact for Admission Enquiry

9431680313, 9431707488, 9431581023

Vill - Baheya, PO- Angara, Distt.- Ranchi, Pin- 835103 (Jharkhand)

Reg.: JHBIL/25/A0691
College Era
Vol. 02 • July 2025
Back to the books again

Chief Editor Choice

एक नई सोच एक नई दिशा

प्रिय पाठको प्रणाम,

प्रणाम करना हम भारतीयों की पहचान है एक प्रणाम कई परिणाम बदल देता है। प्रणाम लक्ष्य प्राप्ति की ओर पहली किस्त का काम करती है।

'कॉलेज एरा' अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पहला कदम बढ़ा चुका है। आप सब ने कॉलेज एरा के दुसरे अंक को अपने दिल से अपनाया, उसे बहुत प्यार दिया। इस प्यार और सम्मान के लिए दिल से धन्यवाद देता हूं, हमारे तरफ से पूरा प्रयास होगा कि **'कॉलेज एरा'** आपकी इच्छा और अपेक्षा की कसौटी पर खड़े उतरे। जिन्होंने हमें आगे और बेहतर करने की प्रेरणा दी, आप उनमें से एक हैं। हमारा प्रत्येक पाठक हमारे लिए खास है।

इस अंक के प्रमुख रंग इस प्रकार से है:

1. वही जीवन की चाल को समझता है,
   जो सफर में धूल को गुलाल समझता है।
2. छात्रों की आत्महत्या सिस्टम की नाकामी,
   अब अनदेखी नहीं की जा सकती हैं।
3. सावधान लड़कियों AI आ चुका है।
4. भावपूर्ण श्रद्धांजली।
5. Efficacy and Importance of the techniques of Hatha Yoga in the Modern Therapeutic World
6. CMA Course – An Introduction.

'हमारा उद्देश्य है: शिक्षा के साथ–साथ व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना, छात्रों को प्रोत्साहित करना ताकि वे खुद को पहचानें, अपने हुनर को निखारें और दुनिया में बदलाव लाएं।

आइए, **College Era** के साथ जुड़ें – क्योंकि आज के विद्यार्थी ही 'कल के नायक हैं!'

Contents

Chief Editor Choice 04
वही जीवन की चाल को समझता है,
जो सफर में धूल को गुलाल समझता है।
N.K. Murilidhar Choice 05
छात्रों की आत्महत्या सिस्टम की नाकामी,
अब अनदेखी नहीं की जा सकती हैं।
Editor's Choice 06
सावधान लड़कियों AI आ चुका है।
Message
Marwari College Ranchi 07
भावपूर्ण श्रद्धांजली। 07
YBN University, Ranchi 08
राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, रांची 08
Brain Exercises 09-10
झलकियां 11-14
The Sports 15
Let's Go Goal 16-17
सेना में करियर 18
Genius 20
The News 20
COLLEGE Campus Interview 21
Gossner College, Ranchi
Ajay Deep Wadhwa Choice 22
CMA Course – An Introduction

Team Editorial

Editor : Dr. Shital Kumari
Patron : Mrityunjay Singh

Head Office : 2104/C2, Misir Gonda, Near Shiv Mandir, Pipra Toli, Kanke Road, Misir Gonda, Alias, Pahargonda, Ranchi, Jharkhand- 834008

Visit Office

City Office : 2nd floor Khadi Gram Udyog bhawan, Elbert Eka Chowk, Main Road Ranchi, Jharkhand- 834001
Contact : 9835163660, 8340318751
Email : collegeera13@gmail.com

₹75

वही जीवन की चाल को समझता है, जो सफर में धूल को गुलाल समझता है

झारखंड के नायक हमारे दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने सिर्फ आदिवासियों को राह नही दिखाया है बल्कि हर उस समाज का मार्गदर्शन किया है जो किसी तरह से शोषित थे। समाज के शोषित प्रत्येक वर्ग ने उनसे कुछ ना कुछ सीखा है। उनसे हिम्मत पाया और अपनी स्थिति को बदलने के लिए संघर्ष किया है। पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु न सिर्फ एक सामाजिक नायक थे बल्कि वह शिक्षा के क्षेत्र में भी उनकी विचारधारा काफी क्रांतिकारी थी। वे शिक्षा को समाज के कमजोर वर्ग के लिए अति आवश्यक मानते थे। उनकी शिक्षा दर्शन शिक्षा के क्षेत्र में हमारे पथ प्रर्दशन में सदैव ही प्रासंगिक रहेगा। वे शिक्षा को सभी के लिए मुफ्त और अनिवार्य करने के हिमायती थे। शिक्षा सिर्फ बच्चों के लिए ही नहीं बल्कि बड़ों के लिए भी वह आवश्यक मानते थे। उन्होंने **'चलो पढ़ो'** रात्रि पाठशाला की शुरुआत की और स्वयं वह रात्रि पाठशाला में ग्रामीणो को पढ़ाते थे। आदिवासियों का अशिक्षित होना उन्हें सदैव चुभता था। वे पाठशाला में पढ़ाने के अलावा समाज के लोगों को शराब पीने से होने वाले नुकसान से अवगत कराते हुए पूरा प्रयास करते थे कि लोग हडिया और शराब पीना छोड़ दें।

शिबू सोरेन नशाखोरी के घोर विरोधी थे। झारखंड में उच्च शिक्षा को लेकर भी मनना था कि शिक्षा सिर्फ नौकरी पाने का साधन नहीं है बल्कि शिक्षा को एक हथियार के रूप में समझा जाना चाहिए। जो अपनी संस्कृति, सामाजिक जिम्मेदारी एवं आर्थिक उत्थान के लिए ही अति आवश्यक है उनका मानना था कि शिक्षा ही आदिवासियों को एक नई दिशा प्रदान करने में सबसे बड़ा सहायक है।

यहां तक कि वह सिपाही बहाली में भी फुर्ती के आकलन प्रक्रिया को शामिल करना चाहते थे। उनके नजर में शरीर में फुर्ती होना अति आवश्यक है ना कि लंबा होना। उनकी इसी शिक्षा दर्शन के अनेक शिक्षाविद कायल रहे हैं। उनका सपना था एक ऐसे समावेशी और सुलभ शिक्षा मॉडल बनाने का जो दूर दराज के ग्रामीणों तक भी पहुंच सके वह शिक्षा को सिर्फ सैद्धांतिक ही नहीं बल्कि व्यावहारिक रूप में भी देखना चाहते थे। वे शिक्षा को रोजगार के साथ–साथ वास्तविक जीवन से भी जोड़ना चाहते थे।हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए झारखंड में शिक्षा के एक नए आयाम को तय करने की आशा करते है।

सर्दियों में जन्म लेता है एक नायक जो तूफानों का रुख बदल देता है।
हिम्मत शौर्य और साहस के बल पर दिशोम गुरु शिबू सोरेन बन जाता है।

छात्रों की आत्महत्या सिस्टम की नाकामी, अब अनदेखी नहीं की जा सकती हैं

एन.के. मुरलीधर

हर बार जब कोई छात्र आत्महत्या करता है, तो देश के भविष्य से एक और रेखा मिट जाती है। यह महज एक जीवन की समाप्ति नहीं होती, बल्कि यह उस व्यवस्था पर एक गहरा प्रश्नचिह्न होता है, जो उन्हें जीवन से जूझने लायक ताकत नहीं दे सकी। एक माँ की गोद सूनी हो जाती है, एक पिता की उम्मीदें टूट जाती हैं और उस समाज की परतें उघड़ जाती हैं, जो सफलता के नाम पर युवाओं को मानसिक टूटन की ओर धकेलता है। आज भारत की शिक्षा प्रणाली जिस मोड़ पर खड़ी है, वहाँ छात्र ज्ञान के नहीं, केवल अंकों और रैंकिंग के मूल्यांकन से पहचाने जाते हैं। शिक्षा अब एक प्रक्रिया नहीं, प्रतियोगिता बन चुकी है। ज्ञान का आनंद, जिज्ञासा की उड़ान और विचारशीलता का वातावरण, इन सबकी जगह ले ली है एक भीषण दबाव ने, जो हर छात्र के मन–मस्तिष्क पर बुरी तरह हावी है। उन्हें पढ़ने नहीं, दौड़ने के लिए तैयार किया जा रहा है। एक ऐसी दौड़, जिसमें हर कोई आगे निकलना चाहता है, लेकिन किसी को यह नहीं पता कि मंजिल कहाँ है। भारत में मानसिक स्वास्थ्य आज भी उपेक्षित विषय है, और छात्रों के लिए तो यह लगभग अनुपस्थित है। जब कोई किशोर यह कहता है कि वह तनाव में है, तो समाज उसे कमजोर, नाकारा या बहाना बनाने वाला मान लेता है। अक्सर माता–पिता यह सोचते हैं कि मोबाइल छीन लेना, डांट देना या सजा देना ही समाधान है। जबकि भीतर ही भीतर वह बच्चा अवसाद के गर्त में उतर रहा होता है। जब वह आत्महत्या करता है, तो तब जाकर सब चौंकते हैं, आँसू बहाते हैं, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। कोटा जैसे शहर इस समस्या की पराकाष्ठा बन चुके हैं। वहाँ हर साल लाखों छात्र जेईई, नीट जैसी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आते हैं। इन संस्थानों में सुबह से रात तक एक सैन्य अनुशासन की तरह पढ़ाई होती है, लेकिन कोई नहीं पूछता कि उस बच्चे की नींद पूरी हुई या नहीं, उसे अपने घर की याद आ रही है या नहीं, या फिर उसका मन हर दिन क्यों बुझता जा रहा है। छात्र अपने छोटे–छोटे कमरे में चारदीवारी और कोचिंग के शेड्यूल के बीच पिसते रहते हैं और जब यह बोझ सहन से बाहर हो जाता है, तब वे सबसे डरावना रास्ता चुनते हैं आत्महत्या। यह कहना कि आत्महत्या व्यक्तिगत निर्णय होता है, समस्या की गहराई को नजरअंदाज करने जैसा है। आत्महत्या उस सामाजिक, पारिवारिक और संस्थागत तानेबाने का परिणाम होती है, जो व्यक्ति को जीने की जगह छोड़ता ही नहीं। हर आत्महत्या के पीछे हजारों अनसुनी पुकारें होती हैं, जिन पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। हमारे समाज में सफलता का एक संकुचित पैमाना तय कर दिया गया है। डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस अगर आप इनमें से नहीं हैं, तो आपको समाज में सम्मान, आत्म–विश्वास और पहचान मिलना कठिन हो जाता है। बच्चे अपने भीतर की क्षमताओं, रुझानों और अभिरुचियों से कटकर, केवल उन रास्तों पर चलने को मजबूर हो जाते हैं जिन्हें समाज सही मानता है। यह मानसिक बंधन बच्चों को न केवल कुंठित करता है, बल्कि उनकी सृजनात्मकता का गला भी घोंट देता है। शिक्षा व्यवस्था की विफलता का एक बड़ा पहलू यह भी है कि वह जीवन के वास्तविक पाठ नहीं सिखाती। स्कूलों और कॉलेजों में भावनाओं को समझना, असफलताओं को अपनाना, संबंधों की अहमियत जानना या जीवन के संकटों से जूझने की ताकत देना। इनमें से कुछ भी नहीं सिखाया जाता। हम बच्चों को विज्ञान, गणित, इतिहास तो पढ़ाते हैं, लेकिन उन्हें यह नहीं सिखाते कि अगर किसी दिन जीवन असहनीय लगे, तो उससे कैसे लड़ें। हम उन्हें आत्म–संवाद करना नहीं सिखाते, न ही उन्हें यह विश्वास देते हैं कि असफलता अंत नहीं है। आज जरूरत है उस पारदर्शिता की, जहाँ छात्र बिना भय के अपने मन की बात कह सकें। लेकिन स्कूलों और कोचिंग संस्थानों में मेंटल हेल्थ काउंसलिंग या सेल्फ–केयर जैसी अवधारणाओं को या तो मजाक समझा जाता है या समय की बर्बादी। सरकारें और शिक्षा संस्थान मानसिक स्वास्थ्य को केवल एक कार्यक्रम के रूप में निभाते हैं, लेकिन इसे दैनिक जीवन का हिस्सा नहीं बनाते। जबकि असल जरूरत है ऐसे सुरक्षित मंचों की, जहाँ छात्र खुलकर बोल सकें, समझे जा सकें और जज किए बिना सुने जा सकें। माता–पिता को भी इस लड़ाई में बदलना होगा। बच्चों पर अपनी अधूरी महत्वाकांक्षाएं थोपना बंद करना होगा। यह समझना जरूरी है कि हर बच्चा अलग होता है। किसी को संगीत पसंद है, किसी को लेखन, किसी को विज्ञान में गहरी रुचि होती है तो किसी को खेलों में जीवन की ऊर्जा मिलती है। लेकिन जब हम उन्हें केवल प्रतियोगी परीक्षाओं की मशीन बना देते हैं, तो वे अपने भीतर की आग और पहचान दोनों खो देते हैं। जब बच्चा असफल होता है, तो वह केवल अंकों में नहीं हारता, वह अपने माता–पिता की नजरों में गिरने से डरता है, समाज की आलोचना से डरता है, और खुद के मूल्य को शून्य मानने लगता है। प्रशासन की ओर से भी अब केवल बयान देने का समय नहीं रहा। आज आवश्यकता है नीति–निर्माण में बदलाव की। हर स्कूल और कॉलेज में प्रशिक्षित काउंसलर अनिवार्य रूप से नियुक्त किए जाने चाहिए। छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य की नियमित जाँच होनी चाहिए। आत्महत्या जैसी घटनाओं पर गंभीरता से एक स्वतंत्र जांच हो, जो केवल कारण ही न खोजे, बल्कि संस्थागत जिम्मेदारी तय करे। कोचिंग सेंटरों पर नियंत्रण और मानक तय करने की सख्त जरूरत है। विद्यार्थियों को सप्ताह में एक दिन पूरी तरह पढ़ाई से मुक्त रखना चाहिए, जहाँ वे केवल खेलें, बातचीत करें, शांति से बैठें संवेदना की जगह बनाएँ। मीडिया की भी जिम्मेदारी बनती है कि आत्महत्या को सनसनीखेज खबर बनाने की बजाय, इसके पीछे की पीड़ा और प्रणालीगत विफलताओं को उजागर करे। आत्महत्या की खबरें अगर संवेदनशील ढंग से पेश न की जाएँ, तो वे अन्य अस्थिर मनःस्थिति वाले छात्रों के लिए प्रेरणा का कारण बन सकती हैं। कॉपीकैट सुसाइड की घटनाएं मीडिया की लापरवाही का ही परिणाम हैं। जिम्मेदार रिपोर्टिंग और जागरूकता अभियान अब अनिवार्य हैं। यह भी जरूरी है कि समाज एक ऐसा वातावरण बनाए, जहाँ असफलता को अपराध न समझा जाए। हमें छात्रों को यह बताना होगा कि असफल होना जीवन का हिस्सा है, एक प्रयोग है, एक सीखने का अवसर है। जब तक हम हर असफल छात्र को पराजित योद्धा की तरह नहीं, बल्कि एक संभावनाशील मनुष्य की तरह नहीं देखेंगे, तब तक यह सिलसिला थमता नहीं दिखेगा। छात्र आत्महत्याओं को रोकना केवल किसी एक मंत्रालय, किसी एक अध्यापक या माता–पिता की जिम्मेदारी नहीं है। यह पूरे समाज की जिम्मेदारी है। अगर हम अब भी नहीं जागे, अगर हमने अब भी अपने शिक्षा और सामाजिक ढांचे में परिवर्तन नहीं किया, तो हम एक ऐसे दौर में प्रवेश करेंगे जहाँ आत्महत्याएं केवल समाचार नहीं, सांस्कृतिक पतन का चेहरा बन जाएँगी।समाधान केवल सिस्टम में नहीं है समाधान उस नजरिए में है, जिससे हम अपने बच्चों को देखते हैं। अगर हम उन्हें प्रेम देंगे, सहानुभूति देंगे, संवाद देंगे, तो वे जीना चाहेंगे। अगर हम उन्हें केवल अपेक्षा देंगे, तुलना देंगे और डांट देंगे, तो वे हार मान जाएँगे। आज जरूरत है एक संवेदनशील राष्ट्र की, जो अपने भविष्य को केवल नंबरों और रैंक की कसौटी पर नहीं, बल्कि करुणा, समझ और संवाद की बुनियाद पर परखे। छात्र आत्महत्याएं केवल व्यक्तिगत दुख नहीं, एक सामाजिक चेतावनी हैं। आइए, इसे अनदेखा न करें। इससे पहले कि और भविष्य अंधेरे में खो जाएं, हमें रौशनी का रास्ता चुनना ही होगा।

डॉ. शीतल कुमारी

सावधान लड़कियों AI आ चुका है!

AI की चर्चा बहुत जोरों पर है वर्तमान में हर कोई जानना चाहता है उसका उपयोग करना चाहता है। लेकिन कहते हैं ना की कोई भी चीज के फायदे भी हैं और नुकसान भी तो एआई कुछ ऐसा ही इन्वेंशन है। AI की भूमिका इस बात पर निर्भर रहती की वह इसका प्रयोग किस कार्य के लिए करेंगे कुछ लोग AI की सहायता से महिलाओं के अंडरवियर स्विमिंग सूट या फिर अन्य किसी कपड़ों को हटाकर उनकी ऐसी तस्वीरें तैयार कर लेते हैं जो आपत्तिजनक होती है जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। एआई की मदद से तैयार फोटो और वीडियो पूरी तरह से हर किसी को ओरिजिनल लगता है। इसे डीपफेक कहा जाता है। वैसे यह लोगों के लिए मुफ्त तो नहीं होता इसका सबसे सस्ता 100 क्रेडिट पैक की कीमत 30 अमेरिकी डॉलर होती है। AI का उपयोग करके कुछ लोगों ने एक लाख तक न्यूड तस्वीरें तैयार की इसकी खोज सबसे पहले सेंसिटिय नामक एक सुरक्षा कंपनी ने की थी इस चैनल पर ज्यादातर यूजर्स लगभग 70 प्रतिशत रुस से ही आए थे। ऐसे संकेत मिलते हैं इसके लिए जिम्मेदार एआई बॉट डीप न्यूड सॉफ्टवेयर ओपन सोर्स वर्जन पर आधारित हो सकते हैं। ई–कॉमर्स ए मॉडल पर आधारित टूल्स की मदद से किसी महिला के चेहरे को किसी अन्य महिला के शरीर से जोड़ देते हैं सैकड़ो तस्वीरों को AI मॉडल में डालकर उसे प्रशिक्षित किया जाता है जिससे वह चेहरे की बड़ी बारीकी जैसे आंख त्वचा हाव–भाव पूरी तरह मिल जाए यह प्रक्रिया कुछ घंटे से लेकर कुछ दिनों तक भी चल सकती है। इसके बाद स्कैमर्स महिला के चेहरे को किसी आपत्तिजनक वीडियो या सामग्री से जोड़ देते हैं। पहले तो ऑडियो वीडियो में हेर–फेल करने के लिए सरल ओपन सोर्स वीडियो एडिटिंग टूल्स का उपयोग होता था पर धीरे–धीरे यह भी एडवांस होता गया। अब अपराधी मशीन लर्निंग का उपयोग कर रहे हैं। AI टूल्स तस्वीर आवाज और व्यक्तिगत जानकारी चुराकर नकली प्रोफाइल बना सकते हैं। जिससे पिड़ित को कानूनी या सामाजिक मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

2017 में ऐसा पहला मामला सामने आया था। जिसका शिकार हॉलीवुड की हस्तियां बनी थी। उसके बाद चीन की फेमस अदाकारा यांग का वीडियो काफी वायरल हुआ था इस वीडियो में यांग के चेहरे को किसी और के शरीर से इस तरह से मैच किया गया था की असली और नकली में फर्क करना बहुत ही मुश्किल था और जब तक इसे हटाया गया तब तक 24 करोड़ से ज्यादा लोग इसे देख चुके थे। AI का खतरा सिर्फ डीपफेक और मार्फिंग तक ही सीमित नहीं है इसका इस्तेमाल डराना, शोषण करना , ब्लैकमेल करना या फिर बदला के लिए हो सकता है। यहां तक की आई से संचालित ट्रैकिंग टूल्स से महिलाओं के ऑनलाइन गतिविधियों पर भी नजर रखा जा सकता है चैट बोट्स या ऑटोमेटेड मैसेजिंग टूल्स का उपयोग कर महिलाओं को आपत्तिजनक धमकी भरे या अपमानजनक संदेश भेजने के काम या फिर उनके छवि को धूमिल करने उनके खिलाफ झूठी अफवाहें फैलाने में भी लाया जा सकता है। इस तरह के इस्तेमाल के लिए सर नकली प्रोफाइल का उपयोग किया जाता है जिन्हें एआई की मदद लेकर ही तैयार किया जाता है। AI से निपटने के लिए इसको समझाना बहुत ही जरूरी है और उससे भी ज्यादा जरूरी है कुछ सावधानियां बरतना। जिसमें सबसे पहली शर्त है की प्रोफाइल को निजी रखना है सोशल मीडिया पर अपने अकाउंट को प्राइवेट रखें अगर अकाउंट पब्लिक रखना भी चाहते हैं तो कम से कम रिजोल्यूशन वाली तस्वीरें साझा करें। जिसमें चेहरा क्लियर ना हो। हाई क्वालिटी की तस्वीरें मार्फिंग के लिए अत्यधिक उपयुक्त मानी जाती है।

2 सोशल प्लेटफॉर्म पर गोपनीयता सेटिंग्स का उपयोग ध्यान से करें

3'अनचाहे एवं अविश्वसनीय प्लेटफार्म पर अपना चेहरा अपलोड करने से बचना चाहिए। असुरक्षित असत्यापित वेबसाइट पर फोटो अपलोड करने से बचना चाहिए मुफ्त में मेक ओवर, नकली प्रतियोगिताओं जैसे ऐप्स में अपने फोटो अपलोड नहीं करनी चाहिए।

5 अपने सभी सोशल मीडिया खातों पर टू फैक्टर ऑर्थेटिकेशन श्को सक्रिय कर के रखे ताकि पासवर्ड लीक होने पर भी सुरक्षा बनी रहे।

5 असली नकली के पहचान पर खास ध्यान दें डिपफेक वीडियो में अक्सर चेहरे की हरकत अजीब होती है पलके कम झपकती है या बैकग्राउंड आसमान होता है। कई एआई डिटेक्शन मौजूद है जिसकी मदद से तस्वीरों या वीडियो के सत्याता की जांच की जा सकती है। यह सबूत के तौर पर आपके काम भी आ सकता है।

6'साइबर सेल को रिपोर्ट करें या (18 वर्ष से कम उम्र के लिए) https://takedown-ncmec-org/ यह 18 वर्ष से अधिक उम्र के लिए https:stopcii-org/ जैसे प्लेटफार्म का उपयोग किया जा सकता है।

7 छवियों के किसी भी प्रकार के गलत उपयोग होने से cyber crime-gov-in के महिला बाल संबंधी अपराध अनुमार्ग पर किया जा सकता है।

नोट इस प्रकार: फोटो पोस्ट करते समय नाम या लोगों जैसे वाटर मार्क अपने चेहरे या कपड़ों के पास लगाएं ताकि उसे हटाना मुश्किल हो। चेहरे पर हल्का फिल्टर या पारदर्शी लेयर लगे हो। जिससे आई टूल्स को चेहरा ट्रैक करने में समस्या हो। फेस प्रोटेक्टिंग एआई एप्स का इस्तेमाल करें। यह टूल्स आपकी तस्वीरों को इस तरह संशोधित करते हैं कि एआई उन्हें आसानी से स्कैन नहीं कर पाता। ऐप्स डाउनलोड करने से पहले उसके रिव्यू को अवश्य ही पढ़ ले इस प्रकार अनेक तकनीक को अपनाकर अनेक समस्याओं से बचा जा सकता है

Marwari College, Ranchi

Manoj Kumar, Principal Marwadi College, Ranchi - "Kudos to the team of School Era Magazine for launching College Era! This new initiative will undoubtedly provide college students with a valuable resource for knowledge, inspiration, and growth. We appreciate your efforts in creating a platform that caters to the needs of higher education. Wishing College Era all the best!

Manoj Kuamr
Principal
Marwari College Ranchi

"श्रद्धा से श्रद्धांजलि समर्पित इन पावन आत्मा को जो पहले झारखण्ड के सपुत्र थे अब स्वर्ग के वो दूत है,

भावपूर्ण श्रद्धांजली

LATE SHIBU SOREN

(11 January 1944 – 4 August 2025), popularly known as "Dishom Guru", was an Indian politician who was a member of the Rajya Sabha, representing Jharkhand, and the leader of the Jharkhand Mukti Morcha (JMM). He previously served as the 3rd Chief Minister of Jharkhand, first for 10 days in 2005 (from 2 March to 12 March), then from 2008 to 2009, and again from 2009 to 2010. He was also the President of the JMM, a constituent of the INDIA Alliance. Soren was a Member of Parliament, Lok Sabha from Dumka from 1980 to 1984, 1989 to 1998, and 2002 to 2019. He also served as the Minister for Coal in the Union Cabinet three times: in 2004, from 2004 to 2005, and in 2006.

LATE RAMDAS SOREN

(1 January 1963 – 15 August 2025) was an Indian politician. He was a member of Jharkhand Mukti Morcha. Soren was the cabinet minister for the Minister of School Education and Literacy in Government of Jharkhand. He was the member of Jharkhand Legislative Assembly from the Ghatshila Constituency. Soren died on 15 August 2025, at the age of 62

SHRI RAMJI YADAV
Pro Chancellor,
YBN University, Ranchi

"College Era" एडुकेशनल पत्रिका के झारखण्ड की राजधानी रांची में पदार्पण पर मुझे बहुत हर्ष महसुस हो रहा है। इस पत्रिका के प्रधान संपादक श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव को धन्यवाद देता हुं कि पिछले 25 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में "स्कूल एरा" नामक पत्रिका निकालते आ रहे हैं। जिसका रजत जयंती वर्ष हमलोग मना रहे हैं और इसी क्रम में दुसरी मैग्जीन "कॉलेज एरा" नामक पत्रिका का प्रकाशन हो रहा है। वो काबिले तारीफ है। हमें आशा है कि कॉलेज एरा पत्रिका छात्रों से जुड़े शैक्षिक रचनात्मक एवं समाजिक सरोकारों को एक उन्नत मंच प्रदान करेगा। आप सब के इस प्रगतिशील प्रयास के लिए मैं पूरे कॉलेज एरा टीम को बधाई देता हूं और विश्वास करता हूं कि कॉलेज एरा पत्रिका को शिक्षा के क्षेत्र में नित्य नये आयाम तय करेगी।

SHRI RAMJI YADAV
Pro Chancellor/ Founder
YBN University, Ranchi

डॉ. ओम प्रकाश
सहायक प्राध्यापक
राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, रांची

स्कूल एरा को मैं ढ़ेर सारी बधाई देता हूं की पिछले कई दशक से झारखंड में शिक्षा के क्षेत्र में काम करते आ रहे हैं। इसी क्रम में 'कॉलेज एरा' नामक पत्रिका का जो आगमन हुआ है वह काफी सराहनीय कदम है जहां छात्र मोबाईल की दुनिया में आगे बढ़ने का प्रयास कर रहें हैं वही आकांक्षा पब्लिकेशन की टीम किताब के माध्यम से अपने देश को कैसे आगे बढ़ायें इसके लिए यह टीम लगातार काम कर रही है। इस साहसिक कदम के लिए मैं पूरी टीम को बधाई देता हूं और 'कॉलेज एरा' मैग्जीन हम सब के बीच लाने के लिए पूरी टीम का धन्यवाद देता हूं।

डॉ. ओम प्रकाश
सहायक प्राध्यापक
राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, रांची

Brain Exercises

Start off with these simple series of numbers. Number series questions measure your ability to reason without words. To answer these questions, you must determine the pattern of the numbers in each series beforeyou will be able to choose which number comes next. These questions involve only simple arithmetic. Although most number series items progress by adding or subtracting, some questions involve simple multiplication or division. In each series, look for the degree and direction of change between the numbers. In other words, do the numbers increase or decrease, and by how much?

1. Look at this series: 2, 4, 6, 8, 10, . . . What number should come next?
   a. 11
   b. 12
   c. 13
   d. 14
2. Look at this series: 58, 52, 46, 40, 34, . . . What number should come next?
   a. 26
   b. 28
   c. 30
   d. 32
3. Look at this series: 40, 40, 47, 47, 54, . . . What number should come next?
   a. 40
   b. 44
   c. 54
   d. 61
4. Look at this series: 544, 509, 474, 439, . . . What number should come next?
   a. 404
   b. 414
   c. 420
   d. 445
5. Look at this series: 201, 202, 204, 207, . . . What number should come next?
   a. 205
   b. 208
   c. 210
   d. 211
6. Look at this series: 8, 22, 8, 28, 8, . . . What number should come next?
   a. 9
   b. 29
   c. 32
   d. 34
7. Look at this series: 80, 10, 70, 15, 60, . . . What number should come next?
   a. 20
   b. 25
   c. 30
   d. 50
8. Look at this series: 36, 34, 30, 28, 24, . . . What number should come next?
   a. 20
   b. 22
   c. 23
   d. 26
9. Look at this series: 22, 21, 23, 22, 24, 23, . . . What number should come next?
   a. 22
   b. 24
   c. 25
   d. 26
10. Look at this series: 3, 4, 7, 8, 11, 12, . . . What number should come next?
    a. 7
    b. 10
    c. 14
    d. 15
11. Look at this series: 31, 29, 24, 22, 17, . . . What number should come next?
    a. 15
    b. 14
    c. 13
    d. 12
12. Look at this series: 21, 9, 21, 11, 21, 13, . . . What number should come next?
    a. 14
    b. 15
    c. 21
    d. 23
13. Look at this series: 53, 53, 40, 40, 27, 27, . . . What number should come next?
    a. 12
    b. 14
    c. 27
    d. 53
14. Look at this series: 2, 6, 18, 54, . . . What number should come next?
    a. 108
    b. 148
    c. 162
    d. 216
15. Look at this series: 1,000, 200, 40, . . . What number should come next?
    a. 8
    b. 10
    c. 15
    d. 20
16. Look at this series: 7, 10, 8, 11, 9, 12, . . . What number should come next?
    a. 7
    b. 10
    c. 12
    d. 13
17. Look at this series: 14, 28, 20, 40, 32, 64, . . . What number should come next?
    a. 52
    b. 56
    c. 96
    d. 128
18. Look at this series: 1.5, 2.3, 3.1, 3.9, . . . What number should come next?
    a. 4.2
    b. 4.4
    c. 4.7
    d. 5.1
19. Look at this series: 5.2, 4.8, 4.4, 4, . . . What number should come next?
    a. 3
    b. 3.3
    c. 3.5
    d. 3.6
20. Look atthis series: 2, 1, —2—, —4—, . . . What number should come next?
    a. —3
    b. —8
    c. —8
    d. —1—6

ANSWER

1	(b)	2	(b)	3	(c)
4	(a)	5	(d)	6	(d)
7	(a)	8	(b)	9	(c)
10	(d)	11	(a)	12	(c)
13	(b)	14	(c)	15	(a)
16	(b)	17	(b)	18	(c)
19	(d)	20	(b)	*	*

(सभार)

COMPUTER

MOST EXPECTED QUESTIONS FOR ALL COMPETITIVE EXAMS

1. The collection of unprocessed facts, figures and symbols is known as _____.
(a) Information (b) Software (c) Data and Information (d) None of the above
Ans. (d) None of the above as the correct answer is data

2. _____ is the processed form of data which is organized meaningful and useful.
(a) Information (b) Software (c) Data (d) None of the above
Ans. (a) Information

3. Hardware is any part of the computer that has a physical structure that can be seen and touched.
(a) True (b) False (c) Not sure (d) None of the above
Ans. (a) True

4. Components of computer hardware are _____.
(a) Input devices and output devices (b) A system unit and storage devices
(c) Communication devices (d) All of the above
Ans. (d) All of the above

5. _____ devices accept data and instructions from the user.
(a) Output (b) Input (c) Components of hardware (d) Storage
Ans. (b) Input

6. Which disk is made up of a circular thin plastic jacket coated with magnetic material?
(a) Hard Disk (b) Compact Disk (c) DVD (d) Floppy Disk
Ans. (d) Floppy Disk

7. _____ disks are used to store more than 25 GB of data with a very high speed in less amount of time.
(a) Digital Versatile (b) Compact (c) Blue-Ray (d) None of the above
Ans. (c) Blue-Ray

8. Random Access Memory and Read Only Memory are examples of _____.
(a) Primary Memory (b) Secondary Memory
(c) Auxiliary Memory (d) Both primary and secondary memory
Ans. (a) Primary Memory

9. Which system uses only the digits 0 and 1?
(a) Bits (b) Binary number system (c) Secondary number system (d) Nibbles
Ans. (a) Bits

10. There are two primary types of softwares namely _____ and _____.
(a) General Purpose and tailor made (b) Operating System and utility software
(c) Application Software and System Software (d) None of the above
Ans. (c) Application Software and System Software

11. Gimp, Adobe Photoshop, Corel Draw, Picasa etc. are examples of _____ softwares. Spreadsheets
(a) Word Processors (b) Desktop publishing © Presentation
Ans. (b) Desktop publishing

12. Which generation computers used high level languages such as FORTRAN and COBOL and also used transistors instead of vacuum tubes?
(a) I Generation (b) II Generation (c) III Generation (d) V Generation
Ans. (b) II Generation

13. IBM notebooks, Pentium PCs-Pentium 1/2/3/4/Dual core/Quad core, PARAM 10000 are examples of which generation of computers?
(a) I Generation (b) IV Generation (c) III Generation (d) V Generation
Ans. (d) V Generation

14. According to the functioning of computers, they are divided into three categories namely _____, _____ and _____.
(a) Mainframe, Supercomputer and Mini computer
(b) Analog, Digital and Hybrid
(c) Palmtop, PC and Desktop
(d) Micro-computers, Digital and Hybrid
Ans. (b) Analog, Digital and Hybrid

15. _____ is a cabling technology for transferring data to and from digital devices at high speeds.
(a) S-Video Port (b) FireWire (c) Ethernet Port (d) PS/2 Port
Ans. (b) FireWire

16. _____ is used to connect the monitor to the computer which offers images at higher resolutions.
(a) USB Port (b) Video Graphics Array (c) Parallel Port (d) None of the above
Ans. (b) Video Graphics Array

(सभार)

झलकियां

राम शोभा कॉलेज ऑफ एजूकेशन में शैक्षिक भ्रमण

राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के तहत राम शोभा कॉलेज ऑफ एजूकेशन में शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. ज्योति वालिया ने ग्राम के मुखिया रमेश बेदिया को पौधा एवं मोमेंटो भेंट कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्राचार्या ने कहा कि इस कार्यक्रम से छात्र–छात्राओं को शिक्षा के साथ–साथ सामाजिक सरोकार और ग्रामीण विकास की महत्वता का भी अनुभव हुआ है। जबकि कॉलेज के प्रशिक्षकों ने एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी अभिषेक कुमार पांडेय के नेतृत्व में ओरमांझी प्रखंड के आदर्श गांव आराकेरम का विजिट किया।

आरयू में नागपुरी विभाग में साहित्य संगोष्ठी

रांची यूनिवर्सिटी के जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय के नागपुरी विभाग में साहित्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में विश्व भारती शांति निकेतन विश्वविद्यालय पश्चिम बंगाल के पूर्व कार्यवाहक कुलपति प्रोफेसर मुक्तेश्वर नाथ तिवारी भी शामिल हुए। इस अवसर पर विभाग के छात्रों ने साहित्य से जुड़े हुए अनेक प्रश्नों द्वारा अपने जिज्ञासाओं को शांत किया। इस अवसर पर विभाग अध्यक्ष डॉ. उमेश नंद तिवारी डॉ. रिशु नायक शिक्षक शोधार्थी व अन्य छात्र–छात्राएं भी उपस्थित थे।

आरयू पीजी साइकोलॉजी विभाग में पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमाः आरयू पीजी साइकोलॉजी विभाग में पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग (पीजीडीजीसी) कोर्स में एडमिशन की प्रक्रिया की शुरु हो गई है। विद्यार्थी साइकोलॉजी विभाग से एडमिशन फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। सामान्य और ओबीसी वर्ग शिक्षण शुल्क प्रति सेमेस्टर 12500, एसटी एससी के लिए– 10500 निर्धारित किए गए हैं।

आरयू प्रशासन ने स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग में डॉ. सुप्रियाः आरयू प्रशासन ने स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग में अध्यक्ष पद पर डॉ. सुप्रिया को नियुक्त किया है। क्योंकि वर्तमान अध्यक्ष डॉ. पूनम सहाय का कार्यकाल समाप्त हो गया था ।डॉ सुप्रिया इसके पूर्व बिमेंस कॉलेज की प्राचार्य के पद को संभाल रही थी।

वाईबीएन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, वाईबीएन यूनिवर्सिटी में प्रशिक्षु शिक्षकों द्वारा शोध पत्र

वाईबीएन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, वाईबीएन यूनिवर्सिटी में आज प्रशिक्षु शिक्षकों द्वारा Understanding the Self विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षक शिक्षा में आत्मज्ञान, भावनात्मक समझ और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना था। शोध पत्रों में आत्म–परिचय को शिक्षक के गुणों एवं योगाभ्यास के माध्यम से विकसित करने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, कांके, रांची (इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन झारखंड) के शिक्षक डॉ. ओम प्रकाश ने छात्रों से संवाद करते हुए बताया कि शिक्षा मानव का तीसरा नेत्र है, जो केवल ज्ञान ही नहीं बल्कि भावनाओं और मानवीय संवेदनाओं को समझने की क्षमता भी प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि शिक्षक, छात्रों की रुचि एवं सहभागिता बढ़ाकर उन्हें नवाचार की दिशा में प्रेरित कर सकते हैं, जिससे ये विकसित भारत @2047 के निर्माण में अमूल्य योगदान देंगे। वाईबीएन यूनिवर्सिटी के संस्थापक डॉ. रामजी यादव ने अपने आशीर्वचन में भावी शिक्षकों को नैतिक मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारी और सतत अधिगम की दिशा में अग्रसर रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शुभास, उप–प्राचार्य डॉ. कैलाश एवं संकाय सदस्य डॉ. संदीप, डॉ. शुभाशीष, डॉ. सुमन, डॉ. मंडवी सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित रहे। पूरे सत्र में उत्साह, संवाद और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण रहा।

वाईबीएन यूनिवर्सिटी में आयोजित मेगा जॉब फेयर में 100 से अधिक छात्रों का चयनः इंस्टीट्यूट फॉर इंडस्ट्रियल एंड एकेडमिक रिसर्च (आईआईएआर) एवं वाईबीएन यूनिवर्सिटी, रांची के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मेगा जॉब फेयर–2025 का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस जॉब फेयर में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और 250 से अधिक छात्रों ने विभिन्न कंपनियों के लिए पंजीकरण कराया, जिनमें से 100 से अधिक छात्रों का चयन अलग–अलग प्रतिष्ठित कंपनियों में हुआ। इस अवसर पर टाटा मोटर्स, सीएटी, एमआरएफ, फॉक्सकॉन, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल, गौतम सोलर, क्वेस कॉर्प, हैवेल्स, टीवीएस ऑटोमोबाइल सॉल्यूशंस, विस्ट्रॉन–टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, विप्रो–कावासाकी जैसी नामी कंपनियों ने भर्ती प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की। विशेष रूप से क्वेस कॉरपोरेशन द्वारा टाटा मोटर्स हेतु की गई भर्ती में छात्रों को 18,500 रुपये प्रतिमाह वेतन, रहने–खाने एवं परिवहन की सुविधाएँ तथा यूजीसी मान्यता प्राप्त कॉलेज से डिप्लोमा प्रायोजन का अवसर भी प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में आईआईएआर की निदेशक डॉ. आरती माहतो, सहायक निदेशक डॉ. फरहाना रोजी, प्रशासनिक अधिकारी सरोजिनी टोप्पो, सीईओ पंकज रॉय प्लेसमेंट ऑफिसर कपिल देव महतो उपस्थित रहे द्य वहीं वाईबीएन यूनिवर्सिटी से अध्यक्ष डॉ. रामजी यादव, सीएमडी डॉ. अंकिता यादव, कुलपति डॉ. सत्यदेव पोद्दार, डॉ. अर्पणा शर्मा (डीन अकादमिक्स), डॉ. आशीष सरकार (निदेशक, आईक्यूएसी), डॉ. सोनिया रानी (प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी), डॉ. मोहम्मद शाहिद (विभागाध्यक्ष, रसायन विभाग) एवं डॉ. अरति गुप्ता (डीन स्टूडेंट वेलफेयर) ने कार्यक्रम की सफलता में विशेष भूमिका निभाई।

यह आयोजन न केवल झारखंड बल्कि पूरे देश के युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ।

आरटीसी बीएड कॉलेज राँची के संयुक्त तत्वावधान में "व्यास पूजा सह एक दिवसीय संगोष्ठी"

भारतीय शिक्षण मंडल, झारखंड प्रांत और आरटीसी बी एड कॉलेज राँची के संयुक्त तत्वावधान में "व्यास पूजा सह एक दिवसीय संगोष्ठी" का सफल आयोजन संपन्न हुआ। इस व्यास पूजन सह संगोष्ठी का विषय "भारतीय संस्कृति में गुरु शिष्य परंपरा" रहा इस संगोष्ठी का उद्घाटन आरटीसी बी एड कॉलेज के निर्देशक डॉ रुद्रनारायण महतो ने किया, साथ हीं सभी अतिथियों ने द्वीप प्रज्वलन कर भारत माता व महर्षि वेदव्यास के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया। मुख्यतिथि डीएवी बरियातू के प्रिंसिपल डॉ संजय कुमार मिश्रा, मुख्यवक्ता प्रांत अध्यक्ष डॉ रणजीत कुमार मिश्र, विशिष्ट अतिथि प्रांत मंत्री डॉ सुबास साहु व संगोष्ठी की अध्यक्षता आरटीसी कॉलेज की प्राचार्या डॉ रिचा पदमा' ने किया व संगोष्ठी की संचालन डॉ प्रिया पांडेय ने किया । डॉ संजय कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में भारतीय संस्कृति में गुरु की महिमा का वर्णन वैदिक काल से ही मिलता है गुरु अपने आचरण से अनुभव व अनुभूतियों से शिष्यों को सिर्फ ज्ञान की बातों के अलावा शिष्यों के जीवन मूल्यों, नैतिक शिक्षा,अध्यात्म, धर्म,कर्तव्य आदि के साथ आत्मसात् कर ज्ञान का आत्मबोध कराते थे। श्री राम और महर्षि वशिष्ठ, श्री कृष्ण और महर्षि पाणिनि जैसे कई महान लोगों की बातें बताये। वर्तमान युग में इस परम्परा को पुनः स्थापित करने की आवश्यकता है। मुख्यवक्ता डॉ रणजीत कुमार मिश्रा ने

अपने संबोधन में कहे की मैं भारत हूँ और मैं एक कदम भी बढ़ता हूँ तो मेरा भारत बढ़ेगा इस भाव के साथ राष्ट्र सर्वोपरि के भाव जगाने वाले गुरु हीं होते हैं गुरु ज्ञान के साथ साथ राष्ट्र निर्माता भी होते हैं, चाणक्य और चंद्रगुप्त की सार तत्व से हम सभी अवगत हैं हीं, गुरु शिष्य की परम्परा देवव्यास जी के जयंती गुरु पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है उसी का यह एक कड़ी है। हमें इस परम्परा को पुनः स्थापित करना होगा। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए डॉ रिचा पदमा ने कहा कि इस गुरु शिष्य परम्परा को पुनः स्थापित करने को लेकर भारतीय शिक्षण मंडल झारखंड प्रांत के अध्यक्ष महोदय व प्रांत मंत्री महोदय का मैं आभारी हूँ कि हमारे कॉलेज को यह अवसर प्रदान किया और हमारे विद्यार्थियों में भी यह भाव पुनः प्रवाहमान बना रहे। भारतीय संस्कृति का अमूल्य धरोहरों को हमें संरक्षित करने का प्रयास हमें करना चाहिए। आरटीसी बी एड कॉलेज के निर्देशक डॉ रुद्रनारायण महतो, डी ए वी के प्रधानाचार्य डॉ संजय कुमार मिश्रा झारखंड शिक्षण मंडल प्रांत अध्यक्ष डॉ रणजीत कुमार, प्रांत मंत्री डॉ सुधास साहु, प्राचार्या डॉ रिचा पदमा,डॉ नरेश कुमार मिश्रा, डॉ सुबोध कुमार, डॉ ओम प्रकाश महतो, डॉ प्रिय पांडेय डॉ ममता कुमारी, बिनोद प्रसाद सहित कॉलेज के कई गणमान्य शिक्षक गण व सैकड़ों विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र, रामकृष्ण मिशन आश्रम, मोराबादी, रांची

60 दिवसीय निदेशालय पुनर्वास (डी.जी.आर.) प्रायोजित भूतपूर्व सैनिकों का कौशल प्रशिक्षण का शुभारम्भ, दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र, रामकृष्ण मिशन आश्रम, मोराबादी, रांची के तत्वावधान में निदेशालय पुनर्वास (डी. जी. आर.) प्रायोजित भूतपूर्व सैनिकों का कौशल प्रशिक्षण का विधिवत शुभारम्भ समारोह का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम निदेशालय पुनर्वास (डी. जी. आर.), रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से किया गया। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि कर्नल (रिटायर्ड) श्री एस. के. गुप्ता, उपनिदेशक सैनिक कल्याण निदेशालय, रांचीय स्वामी भवेशानंद, सचिवय स्वामी अंतरानंद, सह–सचिव, रामकृष्ण मिशन आश्रम, मोराबादी, रांची द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत स्वामी भवेशानंद द्वारा अंगवस्त्र, दिव्यायन के जैव उत्पाद एवं स्वामीजी की पुस्तक देकर किया गया। मुख्य अतिथि ने भूतपूर्व सैनिकों को प्रोत्साहित करते हुए प्रशिक्षण के मुख्य उद्देश्यों को पूरा कर देश को विकसित भारत बनाने का आहवान किया। इन्होंने सैनिकों को सेवानिवृत होने के पहले अपने कार्यालय से सभी दस्तावेज को सही करने एवं सरकारी योजनाओं का फायदा लेने हेतु जागरूक होने के आवश्यकता पर बल दिया। दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ. अजीत कुमार सिंह ने दिव्यायन परिसर में अनुशासन एवं पूरी लगन से डेयरी, मुर्गीपालन एवं बकरीपालन प्रबंधन में प्रशिक्षण लेकर सेवानिवृत होने के बाद स्वरोजगार के द्वारा आत्मनिर्भर बनने का आहवान किया। स्वामी भवेशानंद महाराज ने स्वागत संबोधन में भूतपूर्व सैनिक प्रशिक्षनार्थियों को देश को समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रेरित किया द्य उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों का कौशल प्रशिक्षण के उपरान्त स्वामीजी के आदर्शों के अनुरूप नए भारत गठन करने का एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की। इन्होंने सैनिकों को आश्रम के अनुशासन के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण लेकर तथा मूल्यों पर आधारित शिक्षा के द्वारा अपने लक्ष्य को पूरा करने एवं स्वनियोजित होने का आहवान किया द्य स्वामीजी ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सैद्धान्तिक एवं व्यवहारिक क्लास के साथ–साथ योग एवं नैतिक शिक्षा के समन्वयन के द्वारा देश को विकसित भारत बनाने में सक्रीय भूमिका होने की अपील की। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 जुलाई से 19 सितम्बर 2025 तक आयोजित की जाएगी। मौके पर दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र के श्री ओ. पी. दुबे, श्री संजय डिंडा, ई. ओ. पी. शर्मा, ई. विकास कुमार, श्री गंभीर कुमार महतो एवं कूल 38 भूतपूर्व सैनिक व अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। संस्थान के सह–सचिव स्वामी अंतरानंद महाराज ने धन्यवाद ज्ञापन किय। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रबिन्द्र कुमार सिंह ने किया।

मनराखन महतो B.Ed कॉलेज में सावन उत्सव

मनराखन महतो B.Ed कॉलेज, रांची में सावन उत्सव का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन कालेज के अध्यक्ष मनराखन महतो ने किया। इस अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें M-Ed, B.Ed और डीएलएड के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सुंदरता सृजनात्मक और प्रस्तुति के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया।इस प्रतियोगिता में शिवानी कुमारी बीएड (2024 से 26) प्रथम जबकि दूसरे नंबर पर मधु कुमारी एवं अंशु कुमारी (बीएड 2024–26) रीना कुमारी एवं श्रद्धा कुमारी डीएलएड (2025– 27) एवं बीएड 2024 से 26 ने जीता। इस अवसर पर ट्रस्टी वीरेंद्र नाथ ओहदार, खुशबू सिंह, कृति, काजल, प्रबंधक मुकेश कुमार प्रशासिका मीना कुमारी एवं पुणे कुमारी एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित थे।

छोटा नागपुर लॉ कॉलेज को मिला ऑटोनोमस का दर्जा

रांची विश्वविद्यालय से संबद्ध छोटा नागपुर लॉ कॉलेज ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर लिया है। ग्रांट कमीशन (यूजीसी) ने कॉलेज को स्वायत्त ऑटोनॉमस का दर्जा प्रदान किया। इस संबंध में आरयू प्रशासन द्वारा एक नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। छोटा नागपुर लॉ कॉलेज को यह दर्जा शैक्षणिक सत्र 2025– 26 से 2029–30 तक 5 वर्षों के लिए दिया गया है। इसके साथ ही कॉलेज को कई नई शक्तियां मिल गई है। अब कॉलेज अपने स्तर पर ही नए सिलेबस डिजाइन कर सकेगा और परीक्षाओं का संचालन भी स्वयं ही कर पाएगा। इसके अलावा कालेज प्रबंधन नए और आधुनिक कोर्स शुरू कर सकेगा इसका श्रेय कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर पंकज चतुर्वेदी और उनकी पूरी टीम को जाता है छोटा नागपुर लॉ कॉलेज राज्य का पहला और देश का तीसरा लॉ कॉलेज बन गया है जिसे यह उपलब्धि हासिल हुई है।

जेयूटी में आईईटीइ का नया ऑफिस झारखंड प्रौद्योगिकी विश्व–विद्यालय में इंस्टीट्यूट आफ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियर (आईईटी) का रांची शाखा में एक नया कार्यालय खोला गया। जिसका उद्घाटन जेयूटी के कुलपति प्रोफेसर डी के सिंह आईईटीई के सचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह और गवर्निंग काउंसिल के सदस्य डॉ. अजय कुमार ने किया। इस कार्यालय का मुख्य उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिक्स दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र को बढ़ावा देना है। आईईटीइ रांची जेयूटी और अन्य विश्वविद्यालय के साथ मिलकर 16– 17 नवंबर को एक अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन करेगा। जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ शामिल होंगे।

बीआईटी मिश्रा में पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला लर्निंग टाइम डायनॉमिकल सिस्टम एंड कंट्रोल– बीआईटी मिश्रा के सेंटर फॉर क्वानटेटिव इकोनॉमिक्स एंड डाटा साइंसेज की ओर से पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला लर्निंग डायनॉमिकल सिस्टम एंड कंट्रोल फाउंडेशन मेथड एल्गोरिदम एंड इंप्लीमेंटेशन का आयोजन हुआ। इस कार्यशाला में स्टॉकेस्टिक प्रोग्रामिंग फिजिक्स गाइडेंस मशीन लर्निंग और क्राइम

कंट्रोल में डायनेमिक प्रोग्रामिंग जैसे विषयों पर डिस्कशन हुआ और सब ने अपने–अपने विचारों को साझा किए।

दृष्टि बाधित छात्रा मेघा मंडल ने नेट को क्रैक किया

वीमेंस कॉलेज,रांची से स्नाकोत्तर (2022 से 24) करने वाली दृष्टि बाधित छात्रा मेघा मंडल ने नेट की परीक्षा 89.27 परसेंटाइल से क्लियर कर लिया है। मेघा का सपना प्रोफेसर बनने का है इसलिए वह पीएचडी भी करना चाहती है।

YMIT पॉलिटेक्निक में श्रावण महोत्सव

टीपूदाना वी एम आईटी पॉलिटेक्निक में श्रावण महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेहंदी, चित्रकला, नृत्य आदि प्रतियोगिताओं में सभी सेमेस्टर के बच्चों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। फर्स्ट, सेकंड, थर्ड आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य राहुल भगत एवं संस्थान के सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

साईनाथ विश्वविद्यालय, रांची में प्रशिक्षण शिविर

साईनाथ विश्वविद्यालय रांची में 2एयर स्टोर्ड एनसीसी, रांची के तत्वाधान पर संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विश्वविद्यालय के वीसी डॉ. एसपी अग्रवाल ने किया।बी व सी के प्रमाण पत्र के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 400 एनसीसी कैडेट ने इसमें भाग लिया ।

स्वर्णरेखा कॉलेज में मां के नाम का पौधा

स्वर्ण रेखा फार्मेसी कॉलेज में पर्यावरण दिवस मनाते हुए विद्यार्थियों ने संस्थान के परिसर में मां के नाम पर एक–एक पौधा लगाया। इस अवसर पर संस्थापक डॉ. प्रकाश ने लगाए गए पौधों की भली–भांति देखभाल करने के लिए बच्चों से शपथ दिलवाई। इस अवसर पर प्रभारी निदेशक अजय कुमार समेत शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी में डॉ.एस एम अब्बास को सोशल साइंस डीन के पद पर नियुक्त

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी में डॉ.एस एम अब्बास को सोशल साइंस डीन के पद पर नियुक्त किया गया है। जिनका कार्यकाल 2 वर्षों का होगा डॉ. सर्वोत्तम का कार्यकाल समाप्त हो जाने के कारण डॉ. अब्बास (एंथ्रोपोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर)को सोशल साइंस डीम का पद प्राप्त हुआ है।

राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, कांके, रांची झारखंड का नंबर 1 शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय

सन 1955 में स्थापित राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, कांके, रांची जिसे इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन (IASE) के रूप में मान्यता प्राप्त है, झारखंड का प्रमुख शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान है। लगभग सात दशकों की शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ, इस महाविद्यालय ने हजारों शिक्षकों

को तैयार किया है जिन्होंने राज्य और राष्ट्र की शिक्षा व्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान दिया है। महाविद्यालय की शैक्षणिक संरचना विभिन्न विशेष विभागों के माध्यम से सुदृढ़ है:

भाषा विज्ञान एवं साहित्य विभाग – हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू एवं क्षेत्रीय भाषाओं का संवर्धन।

कला एवं ललितकला विभाग – रचनात्मकता, सांस्कृतिक चेतना और कलात्मक अभिव्यक्ति का विकास।

विज्ञान एवं गणित विभाग – तार्किक चिंतन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आधुनिक शिक्षण विधियों को सशक्त बनाना।

राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS): सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास।

आई सी टी प्रयोगशाला: भावी शिक्षकों को 21वीं सदी के डिजिटल कौशल से सुसज्जित करना।

उद्यान विभाग: पर्यावरण चेतना और सतत विकास की शिक्षा।

समृद्ध पुस्तकालय: पुस्तकों, पत्रिकाओं और डिजिटल संसाधनों का विशाल संग्रह, उच्च स्तरीय अध्ययन को सहयोग प्रदान करता है।

झारखंड के नंबर 1 शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के रूप में यह संस्थान सदैव समग्र शिक्षक शिक्षा पर बल देता रहा हैकृजिसमें शैक्षणिक गुणवत्ता, कला, प्रौद्योगिकी, सामाजिक उत्तरदायित्व और नैतिक मूल्यों का समन्वय है। यह निरंतर नवाचार, शोध और सृजनशीलता का केंद्र बना हुआ है, जो भावी शिक्षकों को केवल विषय विशेषज्ञ ही नहीं बल्कि समाज को दिशा देने वाले सच्चा नेतृत्व भी तैयार करता है।

डीएसपीएमयू में काव्य पाठ

